अमर उजाला 12/09/2025

विद्यार्थियों को दी मीडिया कॅरिअर की जानकारी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में मीडिया में करियर के अवसर विषय पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को मीडिया उद्योग में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता नितिन गुप्ता ने अपने अनुभव सांझा करते हुए मीडिया के बदलते स्वरूप, डिजिटल प्लेटफॉर्म और ओटीटी के विकास के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को मीडिया में करियर बनाने के लिए जरूरी कौशल ,चुनौतियों और अवसरों पर गहन विचार विमर्श किया इस कार्यक्रम में जनसंचार विभाग के प्राध्यापिका सुषमा शर्मा, संगीत विभाग के प्रमुख डॉ. चंद्रपाल पूनिया, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मीडिया स्कॉलर अनिल यादव, राजेंद्र मीरवाल कॉलेज के अन्य फैकल्टी सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। संवाद